**सहकारिता मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2264**
**14 मार्च, 2023 को उत्तरार्थ**

**सहकार मित्र – एनसीडीसी प्रशिक्षुता योजना**

**2264. श्रीमती चिंता अनुराधा :**

क्या **सहकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सहकार मित्र – राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) प्रशिक्षुता योजना का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या इस योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश से अभी तक कोई व्यक्ति लाभान्वित हुआ है; और
(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा आंध्र प्रदेश में इस योजना को चलाने के लिए निवेश की गई निधि का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)**

(क): राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) सहकारिता मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत एक सांविधिक निकाय है, जो कि वर्ष 2020 से अपनी सहकार मित्र इंटर्नशिप योजना क्रियान्वित कर रहा है।

सहकार मित्र इंटर्नशिप योजना का उद्देश्य व्यवसाहिक स्नातकों को एनसीडीसी के कामकाज के क्षेत्रों और संबंधित पहलुओं में अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान करना है।

(ख): हाँ मान्यवर, इस योजना के तहत देश भर में 35 उम्मीदवारों ने इंटर्नशिप पूरी कर ली है, जबकि 3 उम्मीदवार वर्तमान में इंटर्नशिप कर रहे हैं। इसके अलावा, आंध्र प्रदेश राज्य के 9 उम्मीदवारों को इंटर्नशिप की पेशकश की गई और 1 इंटर्न ने इसे पूरा कर लिया है।

(ग): इस योजना के तहत, एनसीडीसी प्रत्येक इंटर्न के लिए 45,000 रुपये का वित्तीय लाभ प्रदान करता है। सहकार मित्र योजना एक एनसीडीसी प्रायोजित योजना है जो एनसीडीसी के ही संसाधनों से पूरी तरह से वित्त पोषित है।

****